909

SAMAGRA SHIKSHA - KERALA

# योगात्मक आकलन (I)

SUMMATIVE ASSESSMENT (I)

A

## 2026-2027

Time : 90 Mins
Cool off time : 15 Mins

Third Language

STD. IX
Score : 40

## Hindi

---

**सूचना : 'घर' कहानी का यह अंश पढ़ें और 1 से 3 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

बर्तनों की गली में मिली। दराज़ मार्केट में मिली। डस्टबिन में मिली। झाड़ू के नीचे मिली। हमेशा मुसकराए। मेरा तजुर्बा कहता है कि छिपकलियों के पीछे झाड़ू लेकर पड़े रहने वालों में से वो नहीं है।

1. सही विकल्प चुनकर लिखें । 1

   (क) मैं + की = मेरा (ख) मैं + के = मेरा

   (ग) मैं + को = मेरा (घ) मैं + का = मेरा

2. 'छिपकलियों के पीछे झाड़ू लेकर पड़े रहने वालों में से वो नहीं है'- छिपकली फरहाद के बारे में ऐसा क्यों कहती है ? 2

3. जनवरी 5 अंतर्राष्ट्रीय पक्षी दिवस है। इस अवसर पर नीम सराय के लोगों ने फरहाद को अभिनंदन करने का निर्णय लिया है । अभिनंदन समारोह का **पोस्टर** तैयार करें। 4

**अथवा**

**'स्वच्छ पर्यावरण - हमारी ज़िम्मेदारी'** का संदेश देने वाला **पोस्टर** तैयार करें।

**सूचना : 'झटपट और नटखट' कहानी का यह अंश पढ़ें और 4 से 6 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

झटपट परेशान हो जाता और घर लौटकर माँ से शिकायत करता, "माँ, छोटा बहुत परेशान करता है।" "छोटा है न!" माँ मुसकरा देती, "और बड़े को तो छोटे का ध्यान रखना ही पड़ता है।" झटपट झुंझलाता, पर कुछ कह न पाता।

4. नीचे दिए प्रस्ताव पढ़ें और सही विकल्प चुनकर लिखें। 1

i) झटपट और नटखट का स्कूल दूसरे गाँव में है।
ii) झटपट और नटखट साईकिल से स्कूल जाते हैं।
iii) नटखट हमेशा तेज़-तेज़ चलता है।
iv) झटपट को तैरना आता है।

(क) i और ii सही हैं। (ख) iii और iv सही हैं।
(ग) i और iv सही हैं। (घ) ii और iii सही हैं।

5. "बड़े को तो छोटे का ध्यान रखना ही पड़ता है।" -माँ ने झटपट से ऐसा क्यों कहा ? 2

6. भाई से परेशान झटपट माँ की बातों से अधिक दुखी हो जाता है । इस अनुभव पर झटपट की संभावित **डायरी** लिखें। 4

**अथवा**

झटपट को नटखट परेशान करता है। इसका जिक्र करते हुए दोस्त के नाम झटपट का **पत्र** लिखें।

**सूचना : 'बहुत दिनों के बाद' कविता की ये पंक्तियाँ पढ़ें और 7 से 9 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

बहुत दिनों के बाद
अबकी मैंने जी भर देखी
पकी-सुनहली फसलों की मुसकान
बहुत दिनों के बाद
बहुत दिनों के बाद
अबकी मैं जी भर सुन पाया
धान कूटती किशोरियों की कोकिलकंठी तान
बहुत दिनों के बाद

7. 'कोकिलकंठी तान' का अर्थ क्या है ? 1

(क) धीमी आवाज़ (ख) मीठी आवाज़
(ग) तेज़ आवाज़ (घ) कठोर आवाज़

8. समान आशय वाली पंक्तियाँ चुनकर लिखें। 2

कवि ने खेत में स्वर्ण रंग की फसलों की हँसी देखी।

9. कवि और कविता का परिचय देते हुए कवितांश का **आशय** लिखें। 4

**सूचना : 'घर' कहानी का यह अंश पढ़ें, प्रश्न 10 और 11 के उत्तर लिखें।**

"सच पूछो तो वे बहुत थोड़ी-सी जगह लेते हैं इस मकान में। हमारी तरह दीवारों, खिड़कियों या छत से उनका खास लेना-देना नहीं है।" ततैया ने कहा। "खास क्या उनका तो कुछ भी लेना-देना ही नहीं है।" मकड़ी को बहुत कम समय में ही यह बात समझ आ गई थी।

10. यह वाक्य पढ़ें, प्रश्नों के उत्तर लिखें। 2

**सच पूछो तो वे थोड़ी-सी जगह लेते हैं।**

क) इस वाक्य से **'विशेषण'** शब्द चुनकर लिखें।

ख) यहाँ **'वे'** किसकी ओर संकेत करता है ?

11. फरहाद के स्वभाव को लेकर ततैया और मकड़ी के बीच की **बातचीत** तैयार करें। 4

**सूचना : 'झटपट और नटखट' कहानी का अंश पढ़ें और 12 से 14 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

पुल पर पहुँचा ही था कि नटखट अचानक गला फाड़कर रोने लगा। झटपट ने कहा, "अब तो तुम बह जाने से बच गए हो, फिर क्यों रो रहे हो ?" नटखट ने रोते-रोते कहा, "तुम घर जाकर माँ से मेरी शिकायत करोगे।" "अगर न करूँ, तो ?" "तो जो कहो।" नटखट का रोना बंद हो गया।

12. नटखट के रोने का कारण क्या है ? 2

13. कोष्ठक के शब्दों की मदद से वाक्य विस्तार करें। 3
(भाई को, डूबने से, नदी में)

झटपट ने बचाया।

........................... ।

................................ ।

...................................... ।

14. संकेतों की मदद से नटखट के **चरित्र पर टिप्पणी** लिखें। 4

- प्रकृति दृश्यों का आस्वादन करने वाला।
- भाई से प्यार करने वाला।
- खेलों का मज़ा लेने वाला।
- माँ की डाँट से डरने वाला।

**अथवा**

संकेतों की मदद से झटपट के **चरित्र पर टिप्पणी** लिखें।

- छोटे भाई का ध्यान रखने वाला।
- संकट के समय साहस दिखाने वाला।
- नई बातें सीखने वाला।
- माँ के निर्देशों का पालन करने वाला।

**सूचना : नीचे दिए खंड पढ़ें और 15 से 17 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

आरव आठ साल का बच्चा है। वह सबसे अलग था। वह दूसरे बच्चों की तरह मोबाइल का दीवाना नहीं है। उसकी असली दुनिया तो घर के पीछे का बगीचा है। प्रकृति की हर छोटी-बड़ी चीज़ों को घंटों देखना उसे बहुत पसंद है। तब तितलियाँ उसके चारों ओर उड़ती रहती थीं। वह जो भी चीज़ देखता था उसका चित्र बना लेता था।

15. आरव की असली दुनिया क्या है ? 1

(क) स्कूल (ख) मैदान (ग) पुस्तकालय (घ) बगीचा

16. नमूने के अनुसार लिखें। 1

| आरव तितली को देखता है। | आरव तितली को देख रहा है। |
|---|---|
| तितली उड़ती है। | ...................................... । |

17. आरव की विशेषताएँ क्या-क्या हैं ? 2

■ ■ ■